विश्व रक्तदाता दिवस | आस्था, विज्ञान और मानवता का अनोखा संगम है रक्तदान

# रक्तदान करने से टल सकता है एक्सीडेंट योग : ज्योतिषाचार्य

रक्तदान , गृहशांति और जीवनदान

**सुरभि तिवारी**

**नवभारत, जबलपुर।** रक्तदान को चिकित्सा विज्ञान में जहां जीवनदान का सबसे बड़ा माध्यम माना जाता है, वहीं भारतीय धार्मिक मान्यताओं और ज्योतिष शास्त्र में भी रक्तदान को विशेष पुण्यकारी कार्य बताया गया है। मान्यता है कि निस्वार्थ भाव से किया गया रक्तदान व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है और कई प्रकार के ग्रह दोषों के दुष्प्रभाव को कम करने में सहायक माना जाता है। हालांकि इसका कोई प्रत्यक्ष वैज्ञानिक प्रमाण नहीं है, लेकिन ज्योतिषाचार्यों का मानना है कि रक्तदान से मंगल,केतु ,राहू और शनि से जुड़े नकारात्मक प्रभावों में कमी आती है। विश्व रक्तदाता दिवस पर नवभारत संवाददाता ने इस महत्वपूर्ण विषय पर चिकित्सको और ज्योतिषाचार्यो से बात की तो सभी ने अपने अपने तरीके से रक्तदान के महत्व को बताया ।

रक्तदान को लेकर संस्कारधानी की ऑक्कल्ट प्रैक्टिशनर स्नेहा चौहान का भी कहना है की रक्तदान हर दान से बड़ा और महत्वपूर्ण दान है । एक्यूप्रेशर थेरेपी में भी रक्तदान करने से शरीर मे नई ऊर्जा का संचार होता है ।जिससे हमारा मन और तन दोनों स्वस्थ होते हैं।

### रक्तदान और चिकित्सा विज्ञान

चिकित्सको की मानें तो स्वस्थ व्यक्ति द्वारा किया गया रक्तदान पूरी तरह सुरक्षित होता है। रक्तदान के बाद शरीर कुछ ही समय में रक्त की कमी को पूरा कर लेता है। नियमित स्वास्थ्य जांच के कारण दाता को अपने स्वास्थ्य की जानकारी भी मिलती है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि एक यूनिट रक्त कई लोगों की जान बचाने में सहायक हो सकता है।

### हर दिन होती है हजारों यूनिट रक्त की जरूरत

चिकित्सकों के अनुसार अस्पतालों में दुर्घटनाओं, सर्जरी, थैलेसीमिया, कैंसर और प्रसूति संबंधी मामलों में प्रतिदिन बड़ी मात्रा में रक्त की आवश्यकता होती है। ऐसे में स्वैच्छिक रक्तदाता ही रक्त बैंकों की सबसे बड़ी ताकत हैं। चिकित्सा विशेषज्ञों का मानना है कि यदि प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति वर्ष में कम से कम एक बार रक्तदान करे तो रक्त की कमी की समस्या काफी हद तक समाप्त हो सकती है।

### प्राप्तकर्ता को मिलता है जीवन, रक्तदाता को मिलता है संतोष

धार्मिक दृष्टि से इसे महादान और ज्योतिषीय दृष्टि से ग्रह शांति का माध्यम माना जाता है, जबकि वैज्ञानिक दृष्टिकोण से यह किसी जरूरतमंद को जीवन देने का अवसर है। यही कारण है कि रक्तदान को ऐसा दान कहा जाता है, जिसमें दाता को संतोष मिलता है और प्राप्तकर्ता को जीवन। विश्व रक्तदाता दिवस का संदेश भी यही है- 'रक्तदान करें, जीवन बचाएं।

### इनका कहना है



मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ नवीन कोठारी का कहना है की स्वस्थ्य लोगों को साल में एक बार अवश्य रूप से रक्तदान करना चाहिए । उन्होंने ने आमजनों से आग्रह किया की आपके रक्त से किसी जरूरतमंद को जीवनदान मिल सकता है । हमारी संस्कृति ने हमें दया ,मानवता और सेवा भाव सिखाया है ।ऐसे में सभी लोगों को रक्दान जैसे महादान में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए।

**डॉ नवीन कोठारी**
**मुख्य चिकित्सा अधिकारी ,जबलपुर**



शहर के जाने माने चिकित्सक डॉ राजेश धीरावाणी का कहना है की रक्तदान महादान है । एक यूनिट रक्त से किसी को जीवन दान मिल सकता है।वहीं रक्तदान के प्रति आमजनों की भ्रांति को दूर करते हुए उन्होंने कहा की संमय संमय पर रक्तदान करते रहने से शरीर मे नए रक्त का संचार होता है।जिससे शरीर हमेशा स्वस्थ्य बना रहता है।

**डॉ राजेश धीरावाणी**
**दंत चिकित्सक , जबलपुर**



रक्तदान के ज्योतिषी महत्व को बताते हुए शहर की ज्योतिषाचार्य पंडित प्रियंका नारायण शंकर नाथूराम व्यास का कहना है की यदि किसी जातक की कुंडली में मंगल, केतु, राहु और शनि की युति है ऐसे में उस जातक का एक्सीडेंट योग बनता है।ऐसी स्थिति में जातक यदि रक्त दान करता है तो उसका एक्सीडेंट का खतरा टल सकता है।

**पंडित प्रियंका व्यास**
**ज्योतिषाचार्य**



वहीं शहर की ख्यातिप्राप्त ज्योति षाचार्य पूर्णिमा पाण्डे का भी कहना है की रक्त का संबंध मुख्य रूप से मंगल ग्रह से माना जाता है। यदि किसी व्यक्ति की कुंडली में मंगल अशुभ स्थिति में हो या उससे संबंधित दोष हों, तो नियमित अंतराल पर रक्तदान करना मंगलकारी है जो अमंगल को भी टाल देता है। रक्तदान को निस्वार्थ सेवा का श्रेष्ठ माध्यम मानते हुए उन्होंने कहा की रक्तदान करने से जातकों को स्थाई संपत्ति का लाभ मिलता है वहीं रक्त संबंधियों से भी मधुर संबंध बन जाते हैं।

**डॉ पूर्णिमा पाण्डे**
**ज्योतिषाचार्य**

## स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार प्रकोष्ठ की बैठक आज

**नवभारत,जबलपुर।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार प्रकोष्ठ की बैठक 14 जून रविवार शाम 4:3 बजे गांधी भवन कार्यालय में आयोजित की गई है। शहर एवं जिला स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार प्रकोष्ठ के नगर अध्यक्ष राजेन्द्र (रज्जू) सराफ, जिला ग्रामीण अध्यक्ष नारायण शर्मा एवं जिला प्रभारी केशव प्रसाद चौरसिया ने बताया कि बैठक में शहर एवं जिला स्तर की नई कार्यकारिणी का गठन एवं नियुक्तियां की जाएंगी, जिसमें स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों को सदस्य बनाया जाएगा। संगठन प्रकोष्ठ की सूची प्रदेश कार्यालय भेजी जाएगी तथा प्रदेश अध्यक्ष अजय नारायण सितलानी को भोपाल प्रेषित कर शहर एवं जिला स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार प्रकोष्ठ की कार्यकारिणी की घोषणा कराई जाएगी। इसके साथ ही आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों की रूपरेखा भी तैयार की जाएगी।



## केवल दफ्तर में न बैठें, फील्ड पर उतरकर करें निगरानी

5 विभागों की समीक्षा के दौरान सख्त दिखे निगमायुक्त

**नवभारत ,जबलपुर।** सभी विकास कार्य और जनता से जुड़े मामले समय सीमा के भीतर ही पूर्ण होने चाहिए। मैदानी निरीक्षण के दौरान जो भी कमियां पाई गई हैं, उन्हें तुरंत सुधारा जाए। अधिकारी केवल दफ्तर में न बैठें, बल्कि खुद फील्ड में उतरकर कार्यों की गुणवत्ता और गति की निगरानी करें। ये सारी बातें निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने शनिवार को 5 विभागों की समीक्षा बैठक के दौरान कहीं।

बैठक की शुरुआत में निगमायुक्त ने स्वास्थ्य और सीएम हैल्पलाइन के लंबित प्रकरणों की स्थिति जानी। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि नागरिकों की शिकायतों का निवारण हमारी प्राथमिकता है। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसी प्रकार निगमायुक्त ने पीएम स्वनिधि योजना के तहत अधिक से अधिक हितग्राहियों को लाभान्वित कराने निर्देश दिए। इसको गति प्रदान करने निगमायुक्त ने बैंक पदाधिकारियों को भी सहयोग प्रदान करने आग्रह किया।

### इन मुद्दों पर भी की गई समीक्षा

इस दौरान निगमायुक्त अहिरवार ने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए शहर की साफ-सफाई व्यवस्था को और दुरुस्त करने तथा कचरा प्रबंधन को बेहतर बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने आगामी दिनों में नागरिकों को सुचारू और शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए कार्य योजना की समीक्षा की।साथ ही भवन एवं लोक कर्म विभाग के अंतर्गत शहर में चल रहे निर्माण कार्यों, सड़कों की मरम्मत और बुनियादी ढांचे के विकास कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। शहर के बैठक में निगमायुक्त ने निर्देशित किया कि प्रमुख बाजारों और मार्गों को यातायात के लिए सुगम बनाने तथा अवैध अतिक्रमण पर निरंतर कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

## शहर के प्रमुख नालों, प्लांटो का निरीक्षण करने पहुंचे कलेक्टर, निगमायुक्त



जलभराव के संबंध में नागरिकों से लिया फीडबैक

**नवभारत ,जबलपुर।** आगामी वर्षा ऋतु के मद्देनजर शहर की जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त कराने की दिशा में नगर निगम द्वारा मशीनरी संसाधनों के साथ मानव संसाधनों को लगाकर नियमित रूप से नाला नालियों की सफाई कार्य कराया जा रहा है। इसी सिलसिले में शनिवार को कलेक्टर राघवेंद्र सिंह और नगर निगम आयुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने अपर आयुक्त अरविंद शाह, अशफाक परवेज कुरैशी एवं स्वास्थ्य विभाग के अमले के साथ शहर के विभिन्न क्षेत्रों का सघन दौरा किया।

इस दौरान उन्होंने ओमती नाला, भूलन नाला, प्रेम नगर नाला और गंगा सागर नाला सहित शहर के प्रमुख नाला-नालियों की सफाई कार्य का बारीकी से निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया और साथ ही नागरिकों से जलभराव के संबंध में फीडबैक भी लिया। इस मौके पर नागरिकों ने बताया कि यहां अब पानी नहीं भरता है सर।

### कहीं भी नहीं हो जलभराव की स्थिति : कलेक्टर

दौरे के दौरान अधिकारियों ने न केवल जल निकासी माध्यमों को देखा, बल्कि शहर के अपशिष्ट प्रबंधन की रीढ़ माने जाने वाले वेस्ट टू एनर्जी प्लांट और सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का भी निरीक्षण किया। कलेक्टर और निगमायुक्त ने प्लांटों की कार्यप्रणाली को समझा और यह सुनिश्चित किया कि ये पूरी क्षमता के साथ काम कर रहे हैं ताकि शहर के कचरे और सीवेज का वैज्ञानिक तरीके से निपटारा किया जा सके। कलेक्टर राघवेंद्र सिंह एवं निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि बारिश के दौरान कहीं भी जलभराव की स्थिति निर्मित न हो। इसके लिए सभी बड़े नालों की तली झाड़ सफाई समय रहते पूरी कर ली जाए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर और निगमायुक्त के साथ अपर आयुक्त अरविंद शाह, अशफाक परवेज कुरैशी सहित नगर निगम के सभी संबंधित विभागों के अधिकारी और स्वास्थ्य अमला उपस्थित रहा।

## विश्व रक्तदाता दिवस पर रक्तदान शिविर आज

रक्तदान करें, जीवन बचाए

**नवभारत, जबलपुर।** विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर आस्था सोशल वेलफेयर सोसायटी द्वारा आज रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूक करना तथा जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त उपलब्ध कराना है। आयोजकों ने बताया कि रक्तदान एक महादान है, जिससे कई लोगों की जान बचाई जा सकती है। एक यूनिट रक्त किसी को नया जीवन देने में सहायक हो सकता है। इसी संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के लिए यह विशेष शिविर आयोजित किया जा रहा है।

### गौ माता चौक स्थित जबलपुर ब्लड सेंटर में रक्तदान शिविर

दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक गौमाता चौक स्थित जबलपुर ब्लड सेंटर में आयोजित रक्तदान शिविर में शहरवासियों से अधिक संख्या में पहुंचकर रक्तदान करने और मानवता की सेवा में योगदान देने की संस्था के सदस्यों नेअपील करते हुए कहा की रक्तदान का छोटा सा प्रयास किसी जरूरतमंद के लिए जीवनदान साबित हो सकता है। उन्होंने युवाओं एवं सामाजिक संगठनों से भी इस पुनीत अभियान में सहभागी बनने का आग्रह किया है।

### केन्द्रीय राज्य मंत्री जितिन आज आएंगे

**जबलपुर।** केन्द्र सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग, इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री जितिन प्रसाद का रविवार 14 जून को सुबह 8 .20 बजे जबलपुर आगमन होगा। श्री प्रसाद सुबह 10 .30 बजे से 11.15 बजे तक दादा ईश्वरदास रोहाणी वार्ड प्रियदर्शनी कॉलोनी में एक पेड़ मां के नाम के अंतर्गत पौधारोपण कार्यक्रम एवं स्वच्छता कार्यक्रम में शामिल होंगे तथा दोपहर 12 बजे से 12.15 बजे तक जस्टिस धर्माधिकारी के आवास पर प्रबुद्धजन संपर्क कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। वे दोपहर 12.15 बजे से 12.30 बजे तक विधायक डॉ अभिलाष पांडे से विधायक कार्यालय सेवा सदन में भेंट करेंगे तथा दोपहर 12.30 बजे से रानी दुर्गावती फ्लाई ओव्हर पर प्रगति पथ यात्रा में शामिल होंगे।

## फिनिक्स पोल्ट्री कर्मचारी यूनियन का स्थापना दिवस आयोजित



**नवभारत, जबलपुर।** फिनिक्स पोल्ट्री कर्मचारी यूनियन का द्वितीय स्थापना दिवस समारोह गरिमापूर्ण माहौल में संपन्न हुआ, जिसमें पदाधिकारियों और सैकड़ों कर्मचारियों ने एकजुट होकर कर्मचारी हित में कार्य करने का संकल्प दोहराया। मुख्य अतिथि इंडियन नेशनल डिफेंस वर्कर्स फेडरेशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अरुण दुबे ने कहा कि प्रबंधन को आई.आर. मैकेनिज्म की तर्ज पर संवेदनशीलता से कार्य करना चाहिए ताकि स्वस्थ माहौल बने। सुरक्षा कर्मचारी यूनियन के अध्यक्ष राकेश रंजन ने कहा कि यूनियन पूरी तरह कर्मचारियों के कल्याण व अधिकारों के लिए समर्पित होनी चाहिए। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि अखिलेश पटेल, राकेश शर्मा, हृदेश यादव, अनिल गुप्ता, अंकित पटेल और सिकंदर सिंह मंचासीन रहे, जिन्होंने संगठन बढ़ाने पर विचार रखे। मंच संचालन सी.ई.ओ. सोनू कुशवाह ने किया। इस अवसर पर फिनिक्स पोल्ट्री कर्मचारी यूनियन के अध्यक्ष कल्लू कुशवाह, सचिव गुरु दयाल यादव और मीडिया प्रभारी दीपक विश्वकर्मा ने संयुक्त रूप से सभी का आभार माना।

### एक नजर में



## किटी पार्टी का विरोध, हिंदू धर्म सेना ने किया हंगामा


**नवभारत ,जबलपुर।** शनिवार को चौथे पुल के पास स्थित सेरेंदीपिटी कैफ़े में चल रही किटी पार्टी और लव पार्टी को लेकर हिंदू धर्म सेना के पदाधिकारियों ने जमकर हंगामा किया। कार्यकर्ताओं का आरोप था कि छोटे बच्चों का ब्रेन वॉश कर किटी पार्टी लव पार्टी जिहादी मानसिकता के लोगों के द्वारा आयोजित की गई थी। इस दौरान हिंदू धर्म सेना के पदाधिकारियों ने पार्टी को रूकवाया और चेतावनी दी कि दोबारा ऐसा कार्यक्रम आयोजित न किया जाए। विरोध प्रदर्शन के दौरान करीब आधे घंटे तक गहमा गहमी का माहौल बना रहा। इस मौके पर हिंदू धर्मसेना के प्रदेश अध्यक्ष नीरज राजपूत, मुकेश रजक ,अविनाश सुखदान, रोहित, सौरभ, भरत, परमदीप, अभय राजपूत सहित अन्य मौजूद रहे।

## कार्यपालन अभियंता हितेश तिवारी का शोध पत्र प्रकाशित



**नवभारत, जबलपुर।** मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) जबलपुर के कार्यपालन अभियंता इंजी. हितेश कुमार तिवारी का शोध पत्र प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय जर्नल 'द इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया): सीरीज बी' में प्रकाशित हुआ है। स्प्रिंगर नेचर जर्मनी और स्प्रिंगर इंडिया द्वारा प्रकाशित इस जर्नल में वैज्ञानिक व आर्थिक विकास के शोध छपते हैं। 'ऑप्टिमाइज्ड ट्रांसमिशन सिस्टम नेटवर्क डिजाइन फॉर एफिशिएंट पावर इवैक्यूएशन फ्रॉम 25 मेगावाट फ्लोटिंग सोलर पार्क' शीर्षक के इस शोध में 25 मेगावाट फ्लोटिंग सोलर पार्क से कुशल, विश्वसनीय व किफायती बिजली निकासी का खाका है। जेनेटिक एल्गोरिद्म तकनीक और पीएसएसई सिमुलेशन से ट्रांसमिशन लाइन रूटिंग, वोल्टेज चयन व पावर सिस्टम स्टेबलाइजर स्थापना के इस विश्लेषण में जीएलए विश्वविद्यालय मथुरा के प्रोफेसर डॉ. संजय कुमार मौर्य और ज्ञान गंगा संस्थान जबलपुर के प्रोफेसर डॉ. राजीव कुमार चौहान सह-लेखक हैं। प्लानिंग एवं डिजाइन विभाग में कार्यरत इंजी. हितेश कुमार तिवारी का यह शोध रिन्यूएबल एनर्जी ग्रिड इंटीग्रेशन और ग्रीन एनर्जी इंफ्रास्ट्रक्चर विकास में महत्वपूर्ण योगदान देगा। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर विद्युत क्षेत्र के विशेषज्ञों ने उन्हें बधाई दी है।

## आर्यिका ससंघ का लार्डगंज स्वर्ण मंदिर में आगमन



**नवभारत, जबलपुर।** शिवनगर जैन मंदिर से प्रात:काल गमन कर, संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर महाराज की शिष्या आर्यिका गुरुमति माता, आर्यिका दृढ़मति माता और आर्यिका पावनमती माता ससंघ लार्डगंज स्थित स्वर्ण मंदिर पहुँचीं। यहाँ दिगंबर जैन पंचायत सभा के प्रधानमंत्री अनिल गुड्डा, स्वर्ण मंदिर के प्रधानमंत्री राजकुमार चौधरी, अनिल नायक, प्रदीप, चक्रेश नायक, संदेश मिंटू और विकास चौधरी सहित अनेक श्रावक-श्राविकाओं ने उनकी भव्य आगवानी की। मंदिर आगमन के बाद आर्यिका संघ ने वहाँ विराजमान मुनि निष्कंप सागर महाराज और मुनि निष्काम सागर महाराज के दर्शन कर चरण वंदना की। इसके पश्चात् आचार्य विद्यासागर सभा भवन में आयोजित धर्म सभा को आर्यिका गुरुमति माता, आर्यिका दृढ़मति माता और मुनि निष्कंप सागर महाराज ने संबोधित किया, जिसका कुशल संचालन अमित शास्त्री ने किया।

## उर्स मुबारक पर निकले जुलूस में दिखी कौमी एकता की मिसाल



**नवभारत,जबलपुर।** हज़रत सैय्यद चाँद शाह वली रहमतुल्लाह अलैह के सालाना उर्स मुबारक के अवसर पर शनिवार को निकाला गया संदल व चादर जुलूस अकीदत और भाईचारे का प्रतीक बना। शाम 4 बजे मौलाना की गली स्थित खादिम-ए-दरगाह मरहूम वली मुहम्मद के निवास से शुरू हुए जुलूस में बड़ी संख्या में हिंदू एवं मुस्लिम धर्मावलंबियों ने शामिल होकर कौमी एकता का संदेश दिया।

बैंड-बाजों की मधुर नातिया धुनों और दरूदो-सलाम की सदाओं के बीच निकले जुलूस में सेंकड़ों ज़ायरीन शरीक हुए । अकीदतमंद हाथों में चादर और गुलाब के फूल लिए दरगाह शरीफ की ओर बढ़ते रहे तथा रास्ते भर हज़रत चाँद शाह वली की बारगाह में अपनी अकीदत का नजराना पेश करते रहे। जुलूस में पूर्व विधायक विनय सक्सेना, खादिम ए आला चंगेज खान अशरफी, ताहिर खान, मोहम्मद रिजवान खान, आशीष उसरेठे, अनवर खान नूरी, नीलेश पंसारी, राजा तिवारी, नित्तू केसरवानी,आसिफ अख्तर, तारीख खान बिल्लू भाई,अजीज मामू सहित विभिन्न समाजों और समुदायों के गणमान्य नागरिक तथा बड़ी संख्या में अकीदतमंद मौजूद रहे। शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए जुलूस में शामिल अकीदतमंदों द्वारा दरगाह शरीफ पहुंचने पर परंपरा के अनुसार चादरपोशी और गुलपोशी की रस्म अदा की गई। इसके बाद नजरो-नियाज़ पेश की गई तथा उपस्थित अकीदतमंदों के बीच तबर्रुक तकसीम किया गया। अंत में मुल्क में अमन, चैन, खुशहाली और भाईचारे के लिए विशेष दुआएं कीं।



## शिव कल्याण मंदिर में देवी भागवत कथा

**नवभारत, जबलपुर।** लार्डगंज स्थित प्राचीन शिव कल्याण मंदिर में श्रीमानस पीठ एवं चैतन्य महाप्रभु संकीर्तन मंडल जाबालीपुरम के तत्वावधान में आयोजित पुरुषोत्तम मास देवी भागवत कथा में डॉ. स्वामी गिरजानंद सरस्वती महाराज ने कहा कि समस्त जगत को वश में करने वाली माया परम तत्व में स्थित रहकर जीवों में मोह उत्पन्न करती है, जिससे मुक्ति का एकमात्र उपाय माया स्वरूपा भगवती जगदंबा का ध्यान, पूजन, वंदन, जप और कीर्तन ही है क्योंकि उनके अलावा अन्य कोई देवता इस माया को दूर करने में समर्थ नहीं है ।इस भव्य धार्मिक आयोजन में प्रमुख रूप से पं. मनमोहन दुबे, देवेंद्र नेमा, नरेश कहार, पवन जायसवाल, विमला साहू, जमुना देवी, पुष्पा पटेल, उर्मिला, धनिया बाई, रागिनी, अलका साहू, सुमन पंडित, अंजू बर्मन, सत्यप्रकाश नामदेव, के . एल . दीक्षित, पप्पू चौबे, राजेंद्र कसेरा, विशाल पंड्या, सत्यनारायण दुबे, अमित विश्नोई और विवेक अग्रवाल सहित कई भक्तजन उपस्थित रहे ।




## स्वराभिनंदन समारोह में समाजसेवी सम्मानित

**नवभारत, जबलपुर।** शहीद स्मारक भवन में गुंजन कला सदन 'युवा' और शहीद स्मारक सांस्कृतिक प्रकोष्ठ द्वारा 'स्वराभिनंदन' समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में अतिथि अजय विश्नोई, डॉ. अभिलाष पांडे व संगीतकार बबलू मैथ्यूज ने कहा कि विश्वसनीय सेवा-साधना से ही सफलता और यश-कीर्ति मिलती है। इस दौरान विशिष्ट साधना हेतु तीर्थ स्थान मेला प्राधिकरण अध्यक्ष विनोद गोंटिया, जबलपुर विकास प्राधिकरण अध्यक्ष संदीप जैन सहित कलाकारों का सम्मान हुआ। अनिकेत देवक के निर्देशन में आयोजित '7 स्टार 7 सिंगर' कार्यक्रम में दिलीप कोरी, अवशेष बेंटिया, सुब्रत पात्रा, राजा सोनी, रवि शुक्ला, ध्रुव मुखर्जी, मयंक विश्वकर्मा, अवनि विश्वकर्मा व राखी मजूमदार ने मधुर गीत गाए। शुरुआत में आलोक पाठक ने आयोजन और प्रतुल श्रीवास्तव ने डॉ. आनंद तिवारी की शुभकामनाओं सहित सम्मानितों के व्यक्तित्व-कृतित्व पर प्रकाश डाला। अतिथियों व कलाकारों का आदर-सत्कार श्याम चौदहा, डॉ. सत्येंद्र जैन, सुरेश सराफ, प्रदीप जैन, कौशल यादव, मनीष जायसवाल, समर सिंह, राजीव गुप्ता, हेमंत अरोरा, अभय पचौरी, अभिजीत राय, नितिन पांडे, निखिल तिवारी व राजेश गुप्ता ने किया। अभिनंदन पत्रों का वाचन डॉ. रजनीश गर्ग व विक्रम परवार ने और अतिथि परिचय व वक्तव्य आग्रह लायन नरेंद्र जैन ने दिया। कार्यकारी अध्यक्ष हिमांशु तिवारी के संबोधन से शुरू हुए दूसरे चरण में देर रात तक गीत-गंगा बही, जिसका संचालन राजेश पाठक ने किया और आभार विवेक सोनी ने व्यक्त किया।

दीक्षांत समारोह | राष्ट्रपति के ऐतिहासिक आगमन को लेकर विश्वविद्यालय की तैयारियां तेज

## कुलगुरु ने मुख्यमंत्री डॉ .मोहन यादव को दिया दीक्षांत समारोह का आमंत्रण






**नवभारत, जबलपुर।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. राजेश कुमार वर्मा ने भोपाल पहुंचकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को आगामी 21 जून 226 को आयोजित होने वाले 36वें दीक्षांत समारोह का निमंत्रण पत्र भेंट किया। मुख्यमंत्री ने इस गरिमामयी आयोजन की सफलता के लिए अपनी अग्रिम शुभकामनाएँ देते हुए समारोह में सम्मिलित होने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान की। कुलगुरु प्रो. वर्मा ने मुख्यमंत्री को दीक्षांत की तैयारियों की विस्तृत रूपरेखा से अवगत कराते हुए बताया कि विश्वविद्यालय के इतिहास में लगभग 2 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद राष्ट्रपति का आगमन होने जा रहा है। इस गौरवमयी उत्सव को भव्य और ऐतिहासिक बनाने के लिए राष्ट्रपति भवन दिल्ली, लोक भवन भोपाल तथा स्थानीय प्रशासन के साथ निरंतर संवाद स्थापित कर विशिष्ट अतिथियों के स्वागत और आवागमन की व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

### वरिष्ठ जनप्रतिनिधि और शिक्षाविद् संभालेंगे कमान

इस गरिमामयी समारोह की अध्यक्षता मध्य प्रदेश के राज्यपाल मंगु भाई पटेल करेंगे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार और मध्यप्रदेश हिंदी ग्रंथ अकादमी के निदेशक डॉ. अशोक कड़ेल मंच की शोभा बढ़ाएंगे। विश्वविद्यालय दीक्षांत समिति के संयोजक प्रो. एस. एस. संधू और प्रो. राकेश बाजपेयी ने बताया कि दीक्षांत से जुड़े प्रत्येक प्रमुख बिंदु और व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने के लिए विभिन्न आंतरिक समितियों के संयोजकों एवं सदस्यों के साथ लगातार समीक्षा बैठकें की जा रही हैं।

### रविवार को भी खुला रहेगा विश्वविद्यालय

कुलसचिव प्रो. रविशंकर सोनवाल ने बताया कि 21 जून को होने वाले इस भव्य आयोजन की समयबद्ध और त्रुटिहीन व्यवस्थाओं के मद्देनजर दीक्षांत समारोह संपन्न होने तक शनिवार और रविवार जैसे समस्त शासकीय अवकाश के दिनों में भी विश्वविद्यालय प्रशासनिक भवन के सभी कार्यालय एवं शिक्षण विभाग पूरी तरह क्रियाशील रहेंगे। सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को कार्यालयीन समय पर अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने तथा समय से पूर्व परिसर न छोड़ने के कड़े निर्देश दिए गए हैं। अति आवश्यक परिस्थिति में केवल कुलगुरु की अनुमति से ही अवकाश स्वीकृत किया जावेगा, जिसके एवज में कर्मचारियों को भविष्य में प्रतिपूरक अवकाश प्रदान किया जाएगा।